प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय के सीएबीएम में चार पुस्तकों का विमोचन

पंतनगर। 13 नवम्बर 2024। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने आज चार महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया। ये पुस्तकें कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय द्वारा संपादित और प्रकाशित की गई हैं। जिनमें 'द एग्जीक्यूटिव एजः द एनुअल न्यूजलेटर 2023–24', 'चयनः द प्लेसमेंट ब्रोशर 2025', 'द इंटर्नशिप इनसाइट्स 2024', और 'स्कॉलर्स हैंडबुकः कोर्स स्ट्रक्चर फॉर एमबीए एग्रीबिजनेस, एमबीए एंड पीएचडी मैनेजमेंट स्टूडेंट्स' शामिल हैं। इन पुस्तकों का संपादन डा. आर.एस. जादौन, डा. सौरभ सिंह, डा. रीतिका भट्ट और रूपल गंगवार द्वारा किया है। इस अवसर पर कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. के.पी. रावेकर, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल और अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि ये पुस्तकें छात्रों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होंगी, क्योंकि इनमें शैक्षणिक कोर्स संरचना, प्लेसमेंट, इंटर्नशिप और व्यावसायिक दुनिया की विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने संपादकीय टीम के प्रयासों की सराहना की और इस तरह की पहल को विश्वविद्यालय के विकास के लिए आवश्यक बताया। अधिष्ठाता डा. आर.एस. जादौन ने कहा कि इन पुस्तकों से छात्रों को उनकी शिक्षा और करियर के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश मिलेंगे। उन्होंने संपादकीय टीम को उनके समर्पण और मेहनत के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने पुस्तकों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और इस पहल को छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पुस्तकों का विमोचन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अधिकारीगण।

निदेशक संचार